हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

इमरान की आय घटी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की आय तीन साल में 3.09 करोड़ रुपये घट गई है जबकि विपक्षी पार्टियों के नेताओं की आय लगातार बढ़ रही है।

मंगलवार, 12 मार्च 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण
www.livehindustan.com

आज का दिन 1664 में ब्रिटेन ने न्यू-जर्सी को नीदरलैंड से अपने कब्जे में लेकर उपनगर घोषित किया।

डॉ. बीएन सिंह अध्यक्ष व डॉ. राघवेंद्र शुक्ल महासचिव बने

लखनऊ | निज संवाददाता

गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति का त्रैवार्षिक चुनाव(2019-21) मुख्य निर्वाचन अधिकारी सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति जीडी अग्रवाल के निर्देशन में विपुलखंड स्थित आईएमआरटी में सपंन्न हुआ। जिसमें डॉ. बीएन सिंह को अध्यक्ष और डॉ. राघवेंद्र शुक्ल को महासचिव निर्वाचित घोषित किया गया। उपाध्यक्ष पद पर धर्मपाल अरोड़ा व डॉ. एपी साहू चुने गए। जबकि राकेश त्यागी, आरएस मिश्रा, रूप कुमार शर्मा और डॉ. पशुपति पांडेय सचिव पद पर निर्वाचित हुए। जय नारायण मिश्रा, संजीव कुमार व शिवसेवक उपाध्याय संगठन सचिव, राम दयाल मौर्य सांस्कृतिक सचिव, कांती शर्मा क्रीड़ा व योग सचिव, राम नरायन त्रिवेदी प्रचार सचिव और पीआर पांडेय कोषाध्यक्ष चुने गए। वहीं सदस्य के रूप में अशोक कुमार गुप्ता, एससी महानियां, आलोक मिश्रा, विनोद कुमार पांडेय व केके मौर्य चुने गए। सचिव रूप कुमार शर्मा ने बताया कि न्यायमूर्ति जीडी अग्रवाल ने निर्वाचित पदाधिकारियों को कर्त्तव्य व निष्ठा की शपथ दिलाई।